आकाषवाणी जयपुर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 19.08.2024 समय : 18.30 पीएम

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कार्य निष्पादन की समीक्षा की।
- रक्षा बंधन पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी–लिया सुरक्षा का वचन।
- सावन के आखिरी सोमवार पर आज शिवालयों में भक्तों का उत्साह चरम पर–शिव मन्दिरों में विशेष अनुष्ठान।
- राज्य में बारिश का दौर जारी– राजसमंद, भीलवाड़ा, धौलपुर सहित कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा।

000

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा की। इस बैठक में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव डॉ. विवेक जोशी, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान, वित्त मंत्री ने जमा वृद्धि, ऋण–से–जमा अनुपात और परिसंपत्ति गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी सरकारी पहलों के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन की भी समीक्षा की। वित्त मंत्री जल्द ही क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के प्रदर्शन की भी समीक्षा करेंगी।

**000**

पंद्रह वैश्विक दक्षिण देशों के तीस स्वास्थ्य नीति निर्माता और विशेषज्ञ आज से चार दिन की यात्रा पर भारत आए हैं। यह यात्रा विदेश मंत्रालय ने स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय फार्माकोपिया आयोग के सहयोग से आयोजित की है। स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस यात्रा के दौरान, नीति निर्माता और विशेषज्ञ अपने भारतीय समकक्षों के साथ चर्चा करेंगे। ये विशेषज्ञ सदस्य जनऔषधि केंद्रों, दवाओं और वैक्सीन निर्माण इकाइयों तथा अनुसंधान प्रयोगशालाओं को देखने के लिए आगरा और हैदराबाद भी जाएंगे।

000

भाई–बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्यौहार आज पूरे देश में पारम्परिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बहनें अपने भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना कर रही हैं। भाईयों की ओर से बहनों को रक्षा के वचन के साथ उपहार और शगुन देकर रस्म निभाई जा रही है।

...................

प्रदेशभर में रक्षा बंधन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में कोरोना पीड़ित परिवारों के साथ रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया। श्री बिरला ने सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। जयपुर के मोती डूंगरी स्थित श्री गणेश मन्दिर में भगवान को चांदी की राखी बांधी गई। बीकानेर में महिलाओं और स्कूली छात्राओं ने बीएसएफ जवानों के राखी बांधकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की। रक्षा बंधन पर सरहद पर तैनात जवानों की कलाईयों पर राखी बांधने को लेकर भी कई संस्थाओं और संगठनों की ओर से कार्यक्रम रखे गए हैं। सीमावर्ती जिले जैसलमेर में देश की रक्षा के लिए तैनात जवानों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधकर बहनों ने देश की रक्षा का वचन लिया। बाडमेर में रक्षा बंधन पर विभिन्न संस्थाओं की ओर देश की सुरक्षा में तैनात प्रहरियों को राखी बांधी गई और देश की सुरक्षा के लिए उनका आभार जताया।

....................

श्रीगंगानगर में आज हिन्दुमल कोट और मदन लाल चौकी पर महिलाओं और युवतियों ने सैनिकों को राखी बांधी और इस दौरान पौधा रोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। डीग से प्रिय सखी संस्था की ओर से फिरोजपुर कैंट स्थित हुसैनी वाला बॉर्डर पर जवानों के लिए एक हजार एक राखियां भेजी गई। चूरू में देश की रक्षा के लिए शहीद हुए जवानों की बहनों ने उनकी मूर्ति को राखी बांधी। प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों को भी रक्षा सूत्र बांधने को लेकर बड़ी संख्या में बहनें कारागृह पहुंचीं। पाली और झुन्झुनू में जेल में बंद कैदी भाइयों के लिए बहनों द्वारा राखी बांधने के लिए जेल प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किये गये। जैसलमेर में आज रक्षा बंधन के अवसर पर जिला अस्पताल में भर्ती महिला रोगियों को निःशुल्क एवं बिना रक्तदाता के खून उपलब्ध करवाया गया। सवाईमाधोपुर, दौसा, सीकर और भरतपुर में भी रक्षा बंधन हर्षोउल्लास के साथ मनाये जाने के समाचार हैं। शेखावाटी क्षेत्र के कई गांवों में शहीदों की बहनों ने मूर्तियों पर तिलक लगाकर कलाईयों पर राखी बांधी। करौली में आज रक्षा बंधन के अवसर पर लोगों ने पतंगबाजी का आनन्द लिया। राजस्थान रोडवेज की ओर से रक्षा बंधन के अवसर पर आज महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा

की सौगात दी गई। जयपुर के सिंधी कैंप बस स्टैंड पर रोडवेज प्रशासन की ओर से महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई। महिला यात्रियों को बसों में बिठाने के लिए अलग से कर्मचारी लगाए गएं। पाली में सरोवर घाट पर तर्पण किया गया और शहीद स्मारक का पूजन कर श्रद्धांजलि दी गई। पुष्कर सरोवर में रक्षा बंधन पर पारम्परिक रूप से हिमाद्री स्नान कर जनेऊ धारण किए गए। सांचौर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बहनों के नाम से पौधे लगाकर रक्षा सूत्र बांध गए।

000

सावन महीने के आखिरी सोमवार पर आज शिवालयों में भक्तों का उत्साह चरम पर रहा। प्रदेशभर में शिव मन्दिरों में भक्तों ने जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की आराधना की। रक्षा बंधन और सावन सोमवार एक ही दिन पड़ने से शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर भक्तों में विशेष उल्लास देखा गया। पवित्र सरोवरों से जल लाकर कावड़िओं ने भोलेनाथ का अनुष्ठान किया। सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि शिवाड़ स्थित प्रसिद्ध शिव मन्दिर सहित विभिन्न मन्दिरों में शिव भक्तों में भारी उत्साह देखा गया।

..................

पाली के सोमनाथ मन्दिर पर महादेव का महाकाल की तर्ज पर विशेष श्रृंगार किया गया है। वहीं शाम के समय भांग से शिवलिंग बनाकर झांकी सजाई जाएगी।

................

आज सावन बीतने के साथ ही महीनेभर से चल रहीं कावड यात्राओं का दौर भी थम गया। जयपुर के झाड़खंड महादेव और ताड़केश्वर महादेव सहित विभिन्न शिव मंदिरों में आज भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया और महा आरती उतारी गई।

000

प्रसिद्ध गोगामेड़ी मेला आज से शुरू हुआ। पशुपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने मेले की विधिवत शुरूआत की। इस मौके पर श्री कुमावत ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों की आय बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है।

..............

इस मौके पर भादरा विधायक संजीव बेनीवाल, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सहित विभिन्न अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मेले में लगभग 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।
वहीं डीडवाना–कुचामन जिले के परबतसर में लगने वाले राज्य स्तरीय वीर तेजाजी पशु मेले की आज विधिवत शुरूआत हुई। मेले की शुरूआत राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने की। मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पशु प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

000

राज्य के कुछ इलाकों में बारिश का दौर बना हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक वर्षा राजसमंद जिले के नाथद्वारा में 6 सेंटीमीटर दर्ज की गई। वहीं धौलपुर के राजाखेड़ा में 5, भीलवाड़ा के सहाड़ा, करौली के सपोटरा और बूंदी के नैनवा तथा दौसा के महुवा में 3–3 सेंटीमीटर पानी बरसा। राजधानी जयपुर में आज दोपहर बाद मौसम बदला और हवाओं के साथ तेज बारिश हुई। भरतपुर और दौसा में दोपहर के समय तेज वर्षा हुई। इसके अलावा पश्चिमी जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कल राज्य के पूर्वी इलाकों में कोटा, भरतपुर, अजमेर और उदयपुर संभागों में वहीं पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर और जोधपुर संभागों में वर्षा होने की संभावना है। भरतपुर के गंभीर नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तीन युवक नदी में नहाने गये थे जिनमें से एक की मौत हो गई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिये श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर भेज सकते हैं। श्रोता नरेन्द्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं।

000